an>

Title: Regarding evacuation of two students studying MBBS in China and belonging to the Khargone Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh..

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन) : माननीय अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं । मेरी लोक सभा क्षेत्र के दो बालक श्री शुभम गुप्ता और अब्दुल मतीन खान, चीन के वुहान शहर में एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए गए थे, मैं हमारी खरगौन लोक सभा की मीडिया और वहां के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष को धन्यवाद देता हूं, जिनके माध्यम से हमें दोनों छात्रों की जानकारी मिली थी । जब मैंने मंत्रालय से संपर्क किया था, तो दो दिनों में मेरे क्षेत्र के दोनों बालक सुरक्षित रूप से स्वदेश लौट आए हैं ।

मैं आपके माध्यम और पूरी खरगौन लोक सभा क्षेत्र की ओर से माननीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर जी और देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं ।